# मुठभेड़ में दो शातिर चोर गिरफ्तार एक आरोपित के पैर में लगी गोली

## तमंचा, कारतूस और चोरी का सामान बरामद दो आरोपित फरार

**संसू, जागरण • श्रावस्ती:** भिनगा कोतवाली पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने रविवार की रात मुठभेड़ में चोरी की योजना बना रहे दो आरोपितों को दबोच लिया। एक के पैर में गोली लगी है। दो भागने में सफल रहे। बचाव के दौरान गिरने से एक आरक्षी भी घायल है। टीम ने इलाज के लिए इन्हें भिनगा सीएचसी में भर्ती कराया गया है। आरोपितों के कब्जे से तमंचा, कारतूस, खोखा समेत चोरी के जेवर व रुपये बरामद हुए हैं।

एसपी राहुल भाटी ने बताया कि रात में भिनगा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राज प्रकाश सिंह टीम के साथ भ्रमणशील थे। इसी दौरान सूचना मिली कि भिनगा जंगल में अंटा तिराहे से जानकीनगर जाने वाले रास्ते पर कुछ लोग चोरी की योजना बना रहे हैं।

भिनगा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने आरोपितों की घेराबंदी की। एक आरोपित ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। इससे बचाव करते हुए आरक्षी प्रवीण पांडेय गिरकर घायल हो गए। टीम ने आत्मरक्षा में फायरिंग की तो भिनगा क्षेत्र के वर्गावर्गी के गोबार निवासी आरोपित मंगरे प्रसाद के पैर में गोली लगी। टीम ने उसे और भिनगा नगर के हनुमानगढ़ी निवासी आरोपित लूची को गिरफ्तार किया, जबकि अंधेरे का फायदा उठाकर दो आरोपित फरार हो गए। पूछताछ में आरोपित लूची ने फरार आरोपित हनुमानगढ़ी के गिरीश बहेलिया व गोबार निवासी शिवकुमार जायसवाल उर्फ दुबे के बारे में जानकारी दी। इनकी तलाश के लिए पुलिस टीमें गठित की गई हैं। घायल आरक्षी व आरोपित का इलाज भिनगा सीएचसी में चल रहा है। एएसपी चंद्रकेश सिंह व सीओ भरत पासवान ने अस्पताल पहुंचकर घायल आरक्षी व आरोपित के स्थिति की जानकारी ली। फारेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किया है। आरोपितों के कब्जे से तमंचा 315 बोर, दो कारतूस, दो खोखा, चाकू तथा भिनगा कोतवाली, सिरसिया व सोनवा थाना क्षेत्र से चोरी किए गए जेवर, रुपये, कपड़े व अभिलेख बरामद हुए हैं।



भिनगा सीएचसी में भर्ती घायल आरोपित का हाल जानते एएसपी चंद्रकेश सिंह ( दाएं से तीसरे ) व सीओ भरत पासवान ( दाएं से दूसरे ) • जागरण

### पूछताछ में आरोपितों ने खोले चोरी के राज

एसपी ने बताया कि 12 अगस्त को भिनगा क्षेत्र के चलहवा निवासी मुबारक अली ने पुलिस को सूचना दी थी कि 11 अगस्त की रात में अज्ञात चोरों ने उनके घर के पीछे सेंध लगाकर रुपये, जेवरात व कागजात चोरी कर लिए हैं। इस संबंध में भिनगा कोतवाली में अज्ञात पर मामला दर्ज हुआ था। पकड़े गए आरोपितों ने चोरी करना स्वीकार किया है। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि बरामद माल व रुपये चहलवा, कटकुईया व बेहननपुरवा गांव में की गई चोरी की घटनाओं में उसके हिस्से में प्राप्त हुए हैं। आरोपित मंगरे पर भिनगा कोतवाली में तीन व लूची के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में 16 मामले दर्ज हैं।